## Rajasthan: भीलवाड़ा में 5400 रुपए के नकली नोट पकड़े, चार आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग निरूद्ध



**भीलवाड़ा:** जिले की करोई थाना पुलिस ने रविवार को नकली नोट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 5400 के नकली नोट जब्त किए. इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को निरूद्ध किया और चार अन्य युवकों को गिरफ्तार किया. इनसे नकली नोट और नकली नोट परिवहन करने वाली कार भी जब्त की.

भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि भीलवाड़ा जिले में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले के तमाम पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है. जिले के कारोई थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुर्जर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था. टीम ने कारोई उप तहसील कार्यालय के सामने एनएच 758 पर नाकाबंदी शुरु की. जहां पुलिस को सूचना मिली कि गंगापुर की तरफ से एक कार आ रही है, जिसमें पांच युवक सवार हैं. युवक नकली नोटों को भीलवाड़ा में असली नोट के रूप में चलाने के लिए आ रहे हैं.

नाकाबंदी कर रही करोई पुलिस को गंगापुर की तरफ से एक एल्टो कार आती हुई दिखाई दी. जिसको थानाधिकारी व पुलिस टीम ने कार के चालक को रुकने का इशारा किया. तो चालक ने गाड़ी को तेज गति से चलाने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को रोका. कार में मौजूद लोगों की तलाशी में 200-200 रुपए के कुल 27 नकली नोट मिले. साथ ही 2150 रुपए के असली नोट मिले. राशि, कार और चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. आरोपियों में 37 वर्षीय रवि निगम, 19 वर्षीय प्रधुमन सिंह, गौतम सिंह, 20 वर्षीय हर्षवर्धन सिंह तथा पांचवा नाबालिग होना पाया गया.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/fake-notes-worth-rs-5400-caught-in-bhilwara-four-accused-arrested-one-minor-detained-rajasthan-news-rjs24102703249